ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

दिनांक– 30.01.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- मा0 राज्य मंत्री/स्वंतत्र प्रभार, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 30.01.2021 को अंटा चौराहा स्थित आडिटोरियम का किया गया निरीक्षण।

- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणो की आहूति देने वाले शहीदो की स्मृति में आज दिनांक 30.01.2021 को नगर निगम कार्यालय में प्रात 11.00 बजे से दो मिनट का मौन धारण किया गया।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा दिनांक 29.01.2021 को नगर में स्थित रैन बसेरो एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों मे लगे अलाव का किया गया निरीक्षण।

1. मा0 राज्य मंत्री/स्वंतत्र प्रभार, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 30.01.2021 को अंटा चौराहा स्थित आडिटोरियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली गई। प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा कार्य को यथाशीघ्र मानक के अनुरूप कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री डी0पी0एस0 राठौर,अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणो की आहूति देने वाले शहीदो की स्मृति में आज दिनांक 30.01.2021 को नगर निगम कार्यालय में प्रात 11.00 बजे से दो मिनट का मौन धारण किया गया। शासन के दिशा निर्देश के क्रम में आज दिनांक 30.01.2021 को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती व श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, लेखाधिकारी श्री सी0पी0 मौर्या, एवं अन्य अधिकारियो तथा कर्मचारियो द्वारा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बलिदान होने वाले वीर सपूतो की स्मृति में 11 बजे से 02 दिन का मौन धारण किया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा दिनांक 29.01.2021 को नगर में स्थित रैन बसेरो एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों मे लगे अलाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त के द्वारा नगर में बने टाउन हाल, अजीजगंज एवं हनुमतधाम स्थित रैन बसेरो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय रैन बसेरो में साफ–सफाई,शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं रैन बसेरो में रूके हुये निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रजाई,कम्बल,गद्दा आदि की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगर के खिरनीबाग चौराहा,सुभाष टावर, लाल इमली चौराहा, अन्टा चौराहा एवं अन्य क्षेत्रों मे लगे अलावों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण स्थलो पर लोगो को ठंड के प्रकोप से बचाव हेतु नियमित रूप से अलाव लगाये जाने तथा लकड़ी पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षण श्री हरवंश कुमार दीक्षित को निर्देशित किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।